हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 19 अप्रैल 2026

06 बिना सूचना 12वीं के छात्र को किया प्राइवेट



09 संदीपनी स्कूल पहुंचे नपाध्यक्ष सफाई व्यवस्था पर जताई...





### नरक बन नई गरीबी लाइन अंडरब्रिज सड़क, बच्चों-बुजुर्गों को घेर रहीं बीमारियां

# शहर की धमनी पर धूल का कब्जा, सांसों पर संकट, अब निवासी करेंगे चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर के वार्ड 12 की वह मुख्य सड़क, जिसे हजारों नागरिकों की लाइफलाइन कहा जाता है, आज भ्रष्टाचार और प्रशासनिक अनदेखी का जीवंत स्मारक बन चुकी है। नई गरीबी लाइन अंडरब्रिज मार्ग पर डामर का नामोनिशां मिट चुका है और उसकी जगह अब केवल जानलेवा गड्ढे और उड़ती हुई धूल बची है। आलम यह है कि नगर पालिका की कुंभकर्णी नींद ने हजारों जिंदगियों को दांव पर लगा दिया है।

स्थानीय निवासियों का सीधा आरोप है कि सड़क निर्माण के दौरान ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों ने मिलकर जमकर बंदरबांट की। घटिया सामग्री और मानकों को ताक पर रखकर किए गए डामरीकरण का नतीजा यह है कि कुछ ही महीनों में सड़क की परतें उखड़कर धूल में तब्दील हो गईं। जनता के टैक्स के करोड़ों रुपये भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गए, लेकिन जिम्मेदार अब भी मौन साधे हुए हैं।

**प्रशासन से सीधे सवाल...**

- दोषी ठेकेदार पर मेहरबानी क्यों?
- घटिया निर्माण करने वाले ठेकेदार को अब तक ब्लैकलिस्ट क्यों नहीं किया गया?
- पैसे की बर्बादी का जिम्मेदार कौन?
- जनता की गाढ़ी कमाई से बनी सड़क चंद महीनों में कैसे ढह गई?

वार्ड 12 की वह मुख्य सड़क वर्तमान में खस्ताहाल हो चुकी है। सड़क पर केवल गड्डे और धूल नजर आती है जिससे राहगीर परेशान हैं।



**नागरिकों को है कार्रवाई का इंतजार**

इटारसी नगर पालिका के अधिकारियों के लिए यह परीक्षा की घड़ी है। क्या वे वार्ड 12 की जनता को इस नारकीय जीवन से मुक्ति दिलाएंगे, या फिर प्रशासन किसी बड़े जनांदोलन और चक्काजाम का इंतजार कर रहा है? स्थानीय निवासियों का धैर्य अब जवाब दे चुका है। नागरिकों का कहना था कि जल्द ही प्रशासन इस ओर ध्यान दे।

### सेहत पर भारी लापरवाही

घर-घर में बीमारी का डेरा : धूल का आलम यह है कि सड़क किनारे बसे घरों में 24 घंटे धूल की मोटी परत जमी रहती है। स्थानीय लोग श्वास, गले के संक्रमण और एलर्जी जैसी गंभीर बीमारियों की चपेट में हैं। विशेषकर छोटे बच्चों और बुजुर्गों के लिए यहां की हवा जहरीली हो चुकी है।

### चेतावनी, एक हफ्ता या चक्काजाम

नगर पालिका की बेरुखी से आक्रोशित वार्ड वासियों ने अब आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। मोहल्ले वासियों ने स्पष्ट शब्दों में अल्टीमेटम दिया है कि यदि सात दिनों के भीतर सड़क सुधार का कार्य शुरू नहीं हुआ, तो मुख्य मार्ग को पूरी तरह बंद कर अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा।

# प्रेम प्रसंग में की मुलाकात पड़ी भारी, प्रेमी ने मारी प्रेमिका के भाई को गोली, इलाज जारी

### मामला दर्ज कर इटारसी पुलिस ने शुरू की जांच, आरोपी हिरासत में


हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

जहां एक और शहर में चाकूबाजी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही वहीं दूसरी ओर शहर के मेहरागांव क्षेत्र में शुक्रवार देर रात गोलीकांड हो गया। अपनी बहन को उसके प्रेमी के साथ रंगे हाथों पकड़ना एक भाई को भारी पड़ गया। प्रेम मुलाकात का राज खुलने से घबराए प्रेमी ने प्रेमिका के भाई को उसी की देसी बंदूक से गोली मार दी। गनीमत रही कि गोली लगने के बावजूद समय रहते घायल को बचा लिया गया। लेकिन इस वारदात ने एक बार फिर शहर के नागरिकों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर दिया है।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुरजगंज निवासी 27 वर्षीय आकाश शर्मा शुक्रवार देर रात करीब 2 से 3 बजे के आसपास अपनी प्रेमिका से मिलने मेहरागांव सी केविन उसके घर पहुंचा था। यहां उनके मिलने के दौरान युवती के भाई शुभम कुल्हारे ने दोनों को रंगे हाथों पकड़ लिया। यहां शुभम ओर आकाश के बीच जमकर हाथापाई और मारपीट हुई, बात यहां तक पहुंच गई कि शुभम के ही घर में रखी देसी कट्टा/बंदूक उठाकर आकाश ने शुभम के ऊपर फायर कर दिया। जिससे शुभम गंभीर घायल हो गया। घायल को शहर के दयाल अस्पताल लाया गया जहां ऑपरेशन के बाद गोली को निकाल लिया गया।

### दयाल अस्पताल ने बचाई जान

गोलीकांड में घायल शुभम की जान



बचाने में दयाल अस्पताल प्रबंधन की अहम भूमिका रही। दयाल अस्पताल के संचालक डॉ अचलेश्वर दयाल के अनुसार शुभम को गंभीर हालत अस्पताल लाया गया था। पेट में लगी गोली उसकी रीढ़ की हड्डी में फंस गई थी, विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने जटिल ऑपरेशन के बाद गोली निकालकर शुभम की जान बचाई है।

### आरोपी आकाश पर हुआ था हमला

गोलीकांड के मुख्य आरोपी आकाश शर्मा का 4 दिन पहले 12 अप्रैल की रात करीब डेढ़ बजे रेलवे स्टेशन के सामने विवाद हो गया था। विवाद में भाट मोहल्ला निवासी शुभम राजपूत ने गाली गलौज कर आकाश के साथ मारपीट की थी। साथ ही शुभम राजपूत ने आकाश को चाकू मारकर घायल भी किया था। यह मामला सिटी पुलिस ने भी दर्ज कर जांच में लिया था। आकाश पर हमले के चार दिन बाद आकाश द्वारा गोलीकांड करना कई प्रकार के प्रश्न खड़े कर रहा है। हालांकि 12 अप्रैल को हुई चाकूबाजी और 17 अप्रैल शुक्रवार रात हुए गोलीकांड का स्पष्ट कनेक्शन सामने नहीं आया है। पर यह बिंदु पुलिस के जांच का विषय हो सकता है।

### डॉक्टर और पुलिस के बयानों में विषमता

पूरे मामले को लेकर कई मीडिया संस्थानों की दयाल अस्पताल से बातचीत में गोली लगने, ऑपरेशन होने और घायल शुभम के गंभीर हालत में भर्ती होने जैसे सभी साक्ष्य सोशल मीडिया पर उपलब्ध रहे। सभी मीडिया संस्थानों के पास गोली निकालते हुए ऑपरेशन करने का वीडियो भी उपलब्ध है। बावजूद इसके गोलीकांड को लेकर जब इटारसी पुलिस से चर्चा की गई तो उन्होंने गोली चलने की बात से अस्पष्टता जाहिर की।

पुलिस मीडिया को दिए बयानों में पहले मारपीट की बात करती रही और गोली लगी है या नहीं ये जांच के बाद पता चलने की बात कहती रही। अपने आप में ये बातें कुछ हास्यास्पद भी है और शंका पैदा करने वाली भी। खैर हम किसी भी बात की पुष्टि नहीं करते। अंततः पुलिस जब पूरे मामले में जांच करके खुलासा करेगी तभी स्थिति साफ होगी।

**जांच कर रहे हैं**

मेहरागांव सी केविन में शुक्रवार रात विवाद हुआ था। किसी युवती से मिलने गए युवक ने उसके भाई के साथ मारपीट की है। गोली लगने की खबर का पता लगा रहे हैं। मौके से देसी कट्टा बरामद किया है। फिलहाल कायमी कर ली गई है जैसे जैसे तथ्य सामने आएंगे धाराएं बढ़ाएंगे। आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है।

**गौरव बुंदेला, थाना प्रभारी**

# हाई-टेक कैमरों और ड्रोन से अवैध वेंडरों की आरपीएफ टीम ने की घेराबंदी

### कार्रवाई के एक हफ्ते में ही 118 वेंडर पकड़ाए, अधिकारी बोले-घेराबंदी की कार्रवाई जारी रहेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

रेलवे स्टेशन और आउटर क्षेत्र में अवैध वेंडिंग और अराजकता फैलाने वालों के खिलाफ रेलवे सुरक्षा बल ने अब तक का सबसे बड़ा मोर्चा खोल दिया है। वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त डॉ. अभिषेक (भोपाल मंडल) के निर्देश पर आरपीएफ इटारसी की टीम ने ताबड़तोड़ कार्रवाई शुरू की है, जिससे स्टेशन के अवैध संचालकों और हॉकर्स में भारी हड़कंप मचा हुआ है। इस बार पुलिस ने पारंपरिक गश्त के साथ-साथ अत्याधुनिक



तकनीक का सहारा लिया है।

आरपीएफ की इस विशेष रणनीति में ड्रोन, सीसीटीवी कैमरों, बॉडी वार्न कैमरों और स्टैंड अलोन कैमरों का व्यापक उपयोग किया जा रहा है। इन कैमरों के जरिए प्राप्त फुटेज का बारीकी से विश्लेषण किया जा रहा है ताकि उन आदतन वेंडरों और उनके संचालकों को चिन्हित किया जा सके जो बार-बार नियम तोड़ते हैं। स्टेशन के साथ-साथ ट्रेनों के आउटरों पर भी ड्रोन से नजर रखी जा रही है, जिससे वेंडरों के भागने के रास्ते भी अब सुरक्षित नहीं रहे। इस अभियान की सफलता के लिए आरपीएफ ने रेलवे के वाणिज्य और स्वास्थ्य विभाग के साथ हाथ मिलाया है। अलग-अलग टीमें बनाकर इटारसी से गुजरने वाली चिन्हित ट्रेनों में टिकट चेकिंग स्टाफ की मदद से संयुक्त छापेमारी की जा रही है। पिछले महज एक सप्ताह के भीतर आरपीएफ ने रिकॉर्ड 118 अवैध वेंडरो को रेल अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर उन पर कार्रवाई की है।

वेंडिंग के अलावा, रेल यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए अन्य असामाजिक तत्वों पर भी कड़ा प्रहार किया गया है।

कार्रवाई के विवरण के अनुसार, अनाधिकृत रूप से पटरी पार करने वाले (ट्रेसपास) 8 लोगों, न्यूसेंस फैलाने वाले 12 व्यक्तियों और बिना किसी ठोस कारण के अलार्म चेन पुलिंग कर ट्रेन रोकने वाले 6 आरोपियों के खिलाफ वैधानिक केस दर्ज किए गए हैं। साथ ही, ट्रेनों में यात्रियों को परेशान कर जबरन पैसे मांगने वाले 5 किन्नरों पर भी कानूनी शिकंजा कसा गया है। आरपीएफ का कहना है कि यात्रियों की सुखद यात्रा सुनिश्चित करने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

### सरस्वती शिशु मंदिर में 'तनाव प्रबंधन' एवं 'विधिक जागरुकता' कार्यक्रम संपन्न

**इटारसी।** तहसील विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में मालवीयगंज स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में परीक्षा परिणाम जनित तनाव प्रबंधन और जीवन संरक्षण पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि न्यायिक मजिस्ट्रेट प्राची कौरव ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। इस अवसर पर तहसील विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश आदित्य रावत द्वारा अभिभावकों के नाम प्रेषित एक विशेष 'मार्गदर्शक पत्र' भी छात्र-छात्राओं को वितरित किया गया, ताकि माता-पिता बच्चों के परीक्षा परिणामों को लेकर सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाएं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने न्यायाधीश महोदया से विधिक साक्षरता पर अनेक प्रश्न पूछे और अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। अंत में विद्यालय के कक्षा 10वीं और 12वीं के मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।




# झारखंड के देवघर से पकड़ाया शातिर एपीके फाइल ठग गिरोह

### नर्मदापुरम पुलिस की बड़ी सफलता, ठगी का खुलासा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

साइबर अपराधों पर नकेल कसने के लिए नर्मदापुरम पुलिस ने एक अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने झारखंड के देवघर जिले से तीन शातिर ठगों को गिरफ्तार किया है, जो एपीके फाइल के जरिए लोगों के मोबाइल हैक कर उनके बैंक खातों से रकम पार कर देते थे। आरोपियों ने सदर बाजार के एक युवक से करीब 95 हजार रुपये की ठगी की थी।

### आरटीओ के नाम पर भेजा घातक लिंक

घटनाक्रम के अनुसार, 12 मार्च 2026 को फरियादी निजाम उल हक निवासी टेलीफोन एक्सचेंज के सामने, नर्मदापुरम ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। फरियादी को 28 जनवरी को उनके व्हाट्सएप नंबर पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा आरटीओ चालान के नाम से एक एपीके फाइल भेजी गई थी। जैसे ही उन्होंने उस पर क्लिक किया, उनका मोबाइल हैक हो गया और सिम निष्क्रिय हो गई। नई सिम प्राप्त करने पर उन्हें पता चला कि उनके खाते से 95,000 रुपये गायब हो चुके हैं।

### पुलिस की दबिश

एसपी साई कृष्णा एस. थोटा और एएसपी अभिषेक राजन के निर्देशन में कोतवाली पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम गठित की गई। तकनीकी साक्ष्यों और डिजिटल डेटा के विश्लेषण के बाद पुलिस की टीम झारखंड के देवघर पहुंची। वहां घेराबंदी कर गिरोह के सरगना सहित तीन आरोपियों अरुण मेहरा 48 वर्ष मुख्य सरगना, पवन मेहरा और ललन कुमार मेहरा 19 वर्ष सभी निवासी ग्राम धुंधवाजोरी, जिला देवघर, झारखंड को गिरफ्तार किया है।

### कैसे करते थे ठगी?

आरोपी सबसे पहले किसी परिचित व्यक्ति का व्हाट्सएप हैक करते थे, फिर उसके कॉन्टैक्ट्स को आरटीओ चालान या अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज के नाम पर एपीके फाइल भेजते थे। फाइल डाउनलोड होते ही आरोपी को मोबाइल का रिमोट एक्सेस मिल जाता था, जिससे वे बैंक ओटीपी और अन्य गोपनीय जानकारी हासिल कर लेते थे।

### रहें सावधान

पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी अज्ञात स्रोत से प्राप्त एपीके फाइल या लिंक पर क्लिक न करें, मोबाइल में अनधिकृत एप्लीकेशन इंस्टॉल करने से बचें, बैंकिंग ओटीपी की जानकारी किसी से साझा न करें, साइबर अपराध होने पर तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930 या जिला साइबर हेल्पलाइन 7049126590 पर सूचना दें।

# कायस्थ समाज की मातृशक्ति ने पुष्पवर्षा कर किया भगवान परशुराम की शोभायात्रा का अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में निकाली गई भव्य शोभायात्रा का जगह-जगह आत्मीय स्वागत किया गया। इसी कड़ी में अखिल भारतीय कायस्थ समाज की मातृशक्ति ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए यात्रा का भव्य स्वागत सत्कार किया।

भक्ति और सेवा का संगमस्थानीय माछली चौक स्थित साईं मंदिर के समीप कायस्थ समाज की महिलाओं ने एकत्रित होकर भगवान परशुराम की शोभायात्रा का स्वागत किया। यात्रा माछली चौक पहुँची, मातृशक्ति ने हर्षोल्लास के साथ पुष्प वर्षा कर विप्र बंधुओं का




अभिनंदन किया। श्रद्धा भाव को प्रकट करते हुए समाज की महिलाओं ने भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण किया और विधि-विधान से पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। आइसक्रीम और शीतल पेय से बढ़ाया उत्साहबढ़ती गर्मी को देखते हुए कायस्थ समाज द्वारा सेवा की मिसाल भी पेश की गई। इस आयोजन को सफल बनाने और स्वागत सत्कार में कायस्थ समाज की प्रमुख महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिनमें मुख्य रूप से शामिल मंजू श्रीवास्तव एवं ज्योति वर्मा प्रीति खरे आदि रहीं।

# बनापुरा के स्टेशन पर ट्रेन से गिरे यात्री के लिए देवदूत बने आरपीएफ जवान, तत्काल की मदद

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

रेल सफर के दौरान दुर्घटना का शिकार हुए एक युवक के लिए आरपीएफ के दो जवान जीवनरक्षक बनकर सामने आए। शनिवार सुबह झेलम एक्सप्रेस से गिरकर घायल हुए यात्री को आरपीएफ आरक्षकों ने न केवल समय पर संभाला, बल्कि तत्काल अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाई। जवानों की इस तत्परता और मानवीय संवेदना की क्षेत्र में काफी सराहना हो रही है।

### जवानों ने दिखाई फुर्ती

घटना शनिवार सुबह करीब 06:50 बजे की है, जब गाड़ी संख्या 11077 झेलम एक्सप्रेस बनापुरा रेलवे



स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 2 पर आकर रुकी थी। सुबह 06:55 पर जैसे ही ट्रेन रवाना हुई, आगे के सामान्य कोच से उतरने या चढने के प्रयास में एक यात्री अनियंत्रित होकर नीचे गिर गया। यात्री की पहचान मोनू विश्वकर्मा 24 वर्ष, निवासी जिला टीकमगढ़ के रूप में हुई है, जो पुणे से ललितपुर की यात्रा कर रहा था। ट्रेन से गिरते ही युवक के चेहरे पर गंभीर चोटें आईं।

### त्वरित रेस्क्यू और उपचार

ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ इटारसी के आरक्षक हरप्रताप सिंह और आरक्षक अजीत सोरेंग ने जैसे ही यात्री को गिरते देखा, वे बिना एक पल गंवाए उसकी ओर दौड़े। जब तक ट्रेन स्टेशन से निकल चुकी थी, दोनों जवानों ने घायल मोनू को सहारा देकर उठाया और सुरक्षित आरपीएफ चौकी लेकर आए। जवानों ने पहले उसे प्राथमिक उपचार दिया और फिर तुरंत सिविल अस्पताल सिवनी मालवा लेकर पहुंचे। अस्पताल में समय पर डॉक्टरी सहायता मिलने और मरहम-पट्टी के बाद युवक की स्थिति में सुधार हुआ।

### विधायक ने कहा, परीक्षा जीवन का टर्निंग प्वाइंट, अंतिम पड़ाव नहीं

# सफलता के शिखर की ओर मेधावियों के बढ़ते कदम नर्मदापुरम के सितारों का जिला स्तर पर हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सफलता कभी भी अंतिम नहीं होती और असफलता कभी घातक नहीं होती, असली चीज है आगे बढ़ते रहने का साहस। इसी साहस और प्रतिभा का उत्सव शुक्रवार को जिला पंचायत सभागार में मनाया गया। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित वर्ष 2026 की बोर्ड परीक्षाओं में जिले का नाम रोशन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया, जहां मेडल और प्रमाणपत्रों के साथ उनके सपनों को नई उड़ान दी गई।

मुख्य अतिथि विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने विद्यार्थियों में जोश भरते हुए कहा कि 10वीं और




12वीं की दहलीज पार करना जीवन का एक महत्वपूर्ण मोड़ जरूर है, लेकिन इसे अंतिम मंजिल न मानें। उन्होंने बच्चों को राष्ट्र निर्माण से जोड़ते हुए कहा, आप केवल छात्र नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के वास्तविक साझेदार हैं। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने बेहद दार्शनिक अंदाज में विद्यार्थियों को संबोधित किया।

समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष राधा सुधीर पटेल, सीईओ जिला पंचायत हिमांशु जैन, जनपद अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे, रूपेश राजपूत और जिला शिक्षा अधिकारी एलएन प्रजापति विशेष रूप से उपस्थित रहे। संचालन दुर्गेश नंदन व्यास ने और आभार राजेश जायसवाल ने व्यक्त किया। सभागार में जब मेधावियों को मेडल पहनाए गए, तो उनकी आंखों में भविष्य के सपने और चेहरे पर कड़ी मेहनत की चमक साफ दिखाई दे रही थी। अतिथियों ने उपहार भेंट कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया, जिससे न केवल सम्मानित छात्र बल्कि वहां मौजूद अन्य विद्यार्थी भी प्रेरित नजर आए।

**आंकड़ों में जिले का गौरव**

कक्षा 10वीं का परिणाम : 78.29 प्रतिशत
कक्षा 12वीं का परिणाम : 81.65 प्रतिशत
सम्मानित मेधावी : हाई स्कूल के 31 हायर सेकेंडरी के 21 विद्यार्थी पुरस्कृत।

# खनिज व होम गार्ड टीम ने की 3 मोटर बोट और पनडुब्बी जब्त

### अवैध रेत उत्खनन पर प्रशासन की सख्ती



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में शनिवार को खनिज विभाग ने होमगार्ड बल के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए ग्राम बाबरी, तहसील सिवनी मालवा में रेत का अवैध उत्खनन करते हुए 03 मोटर बोट एवं एक पनडुब्बी जप्त की। कार्रवाई के दौरान जब्त किए गए वाहनों को विधिवत शिवपुर थाना में पुलिस अभिरक्षा में सुरक्षित रखा गया है। संबंधित प्रकरण में म.प्र. खनिज नियम 2022 के प्रावधानों के तहत आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### रेलवे ने जनता की परेशानियों को देखते हुए संशोधित योजना की तैयार

# राहत: दो दिन बाद शुरू कर दी जाएगी गंज अंडरब्रिज से वाहनों की आवाजाही



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

गंज रेलवे अंडरब्रिज से दो दिन बाद यानि 21 अप्रैल से आवागमन शुरू हो जायेगा। इस निर्णय से रामनगर, गर्ग कॉलोनी सहित आसपास के क्षेत्रों के नागरिकों खासकर स्कूली बच्चों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। संशोधित योजना के अनुसार 21 अप्रैल से गंज अंडरब्रिज से दोपहिया व चार पहिया हल्के यात्री वाहनों का आवागमन शुरू हो जाएगा। इससे लंबा फेरा लगाकर आवागमन करने को मजबूर वाहन चालकों को राहत मिलेगी और सदर के ओवरब्रिज पर बढ़ते ट्रैफिक दबाव में भी कमी आएगी। रेलवे अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि तीसरी लाइन के निर्माण कार्य को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करना आवश्यक तो है, परंतु साथ ही नागरिकों की सुविधा और दैनिक जीवन पर न्यूनतम प्रभाव सुनिश्चित करना भी हमारी प्राथमिकता है। दोनों के बीच संतुलन बनाते हुए यह संशोधित योजना तैयार की गई है। यहां उल्लेखनीय है कि तीसरी रेलवे लाइन और अंडरब्रिज की लंबाई बढ़ाने के कारण रेलवे ने गत 3 अप्रैल से 45 दिनों के लिए अंडरब्रिज से वाहनों की आवाजाही पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया था। अंडरब्रिज का रास्ता बंद होने से पूरा ट्रॉफिक सदर ओवरब्रिज पर शिफ्ट हो गया है, जिससे ट्रैफिक जाम के हालात बन रहे थे। लेकिन अब 21 अप्रैल से अंडरब्रिज से छोटे वाहनों की आवाजाही शुरू होने से वाहन चालकों को काफी राहत मिलेगी।

#### वाहन चालकों को काटना पड़ रहा लंबा फेरा

अभी वर्तमान में अंडरब्रिज से आवाजाही बंद होने के कारण वाहन चालकों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। इस अंडरब्रिज से रोजाना 10 हजार वाहन चालक गुजरते हैं। लेकिन अंडरब्रिज बंद होने की वजह से शहर में आने और शहर से बडोरा जाने के लिए वाहनों को 3 किलोमीटर का लंबा फेरा लगाना पड़ रहा है। वहीं रामनगर, गर्गकॉलोनी के बच्चों को भी प्रतिदिन 3 किमी का फेरा लगाना पड़ रहा है। इसके अलावा अंतिम संस्कार के लिए गंज मोक्षधाम जाने वाले लोगों और शव ले जाने वाले वाहनों को भी मार्ग परिवर्तन और जाम की वजह से खासी परेशानी हो रही है। ओवरब्रिज पर ट्रैफिक शिफ्ट होने से बार-बार जाम लग रहा था। यही स्थिति ओवरब्रिज सदर गेंदा चौक के पास भी है। यहां भी ट्रॉफिक जाम से वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग रही है।

#### ओवरब्रिज पर ट्रैफिक शिफ्ट होने से लग रहा जाम

गंज अंडरब्रिज बडोरा को गंज क्षेत्र से सीधे जोड़ता है। वर्तमान में बडोरा मंडी में उपज की बंपर आवक हो रही है। मंडी से उपज रेलवे माल गोदाम ले जाना पड़ता है, लेकिन अंडरब्रिज वाला रास्ता बंद होने से पूरा ट्रैफिक ओवरब्रिज पर शिफ्ट हो गया है। ऐसे में ओवरब्रिज पर वाहनों के दबाव के कारण बार-बार जाम की स्थिति निर्मित हो रही थी। वहीं अधिकतर भारी वाहन और यात्री बस कारगिल चौक, गेंदा चौक होते हुए सदर ओवरब्रिज से ही आना-जाना कर रहे है। जिससे गेंदा चौक, सदर ओवरब्रिज और माचना ब्रिज पर दिन में कई बार जाम की स्थिति बन रही है और वाहन चालकों के साथ ही आम नागरिकों को भी खासी परेशानी हो रही है। लेकिन अब अंडरब्रिज से वाहनों की आवाजाही शुरू होने से ट्रैफिक बंट जायेगा। जिससे ओवरब्रिज पर भी दबाव कम होगा और लोगों को आवागमन में सुविधा होगी।

#### छोटे वाहनों के लिए शुरू...

रेलवे द्वारा जनता की परेशानी को देखते हुए संशोधित योजना तैयार की है। जिसके तहत 21 अप्रैल से अंडरब्रिज से छोटे वाहनों का आवागमन शुरू हो जायेगा। पहले रेलवे द्वारा 3 अप्रैल से 18 मई तक अंडरब्रिज से वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगाया था।

**अशोक कटारे**, पूर्व यातायात निरीक्षक, रेलवे विभाग

#### सदर रेलवे गेट बंद होने से बढ़ी परेशानी

सदर का रेलवे गेट बंद होने के बाद आवाजाही के लिए गंज अंडरब्रिज और सदर ओवरब्रिज ही हैं। गंज अंडरब्रिज पर काम होने से केवल सदर ओवरब्रिज से ही वाहनों की आवाजाही होती है। यहां से मुलताई, आठनेर, बैतूलबाजार, भैंसदेही, चिचोली सहित अन्य जगहों से आने वाले वाहन सदर ओवरब्रिज होते ही शहर में आ रहे हैं। यदि एक भी मार्ग बंद हो जाता है तो ट्रैफिक का दबाव बढ़ जाता है। सदर रेलवे गेट बंद होने का लोगों ने जमकर विरोध किया था, लेकिन उस समय जनप्रतिनिधियों ने इस पर ध्यान नहीं दिया। रेलवे ने सदर अंडरब्रिज निर्माण की प्रक्रिया शुरू की थी, लेकिन आज तक यह स्वीकृत नहीं हुआ और सदर अंडरब्रिज की फाइल अभी तक अटकी पड़ी है।

#### जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की नाराजगी के बाद बदला निर्णय

जानकारों ने बताया कि तीसरी रेलवे लाइन और अंडरब्रिज की लंबाई बढ़ाने के कारण रेलवे ने गत 3 अप्रैल से 18 मई तक, यानि 45 दिनों के लिए वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध का निर्णय लिया था, लेकिन जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के नाराजगी के बाद रेलवे विभाग ने अंडरब्रिज को 21 अप्रैल से खोले जाने की संशोधित योजना तैयार की है, लेकिन फिलहाल अंडरब्रिज से दोपहिया और हल्के छोटे चार पहिया वाहनों की ही आवाजाही हो सकेगी, जबकि बड़े वाहनों को ओवरब्रिज होते हुए गेंदा चौक और कारगिल चौक होते हुए ही गंज जाना पड़ेगा। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि नागरिकों की सुविधा और दैनिक जीवन पर न्यूनतम प्रभाव सुनिश्चित करना ही प्राथमिकता है। इसी संतुलन को ध्यान में रखते हुए यह संशोधित योजना तैयार की गई है।

### 10वीं-12वीं में उत्कृष्ट परिणाम


## शाहपुर के मॉडल स्कूल ने फिर लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौरा

शासकीय मॉडल उच्च माध्यमिक विद्यालय शाहपुर ने वर्ष 2026 की बोर्ड परीक्षाओं में उल्लेखनीय सफलता हासिल करते हुए एक बार फिर अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता साबित की है।

विद्यालय के विद्यार्थियों ने कक्षा 10वीं एवं 12वीं दोनों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में रेशमा बाला एवं राधिका यादव ने समान रूप से 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से प्रथम स्थान हासिल किया। डेविड धुर्वे ने 96 प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा मनीष बरखाड़े ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विशेष बात यह रही कि 99 में से 71 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए, जो विद्यालय के समग्र शैक्षणिक स्तर को दर्शाता है। वहीं कक्षा 12वीं में भी विद्यार्थियों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। गणित संकाय के सुजल मालवीय ने 91.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। आर्ट संकाय के महेंद्र कुमरे 90.8 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा कॉमर्स संकाय के लकी गावंडे ने 87.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान हासिल किया। कक्षा 12वीं में 34 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं, जो लैपटॉप योजना के लिए पात्र घोषित हुए हैं। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग को दिया गया है।

## कक्षा 10वीं में प्रिया पवार ने हासिल किए 97 प्रतिशत अंक



**सारनी।** दिल्ली पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल बगडोना की छात्रा प्रिया पवार ने कक्षा 10वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 97 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। उनकी इस शानदार सफलता से विद्यालय सहित क्षेत्र में खुशी का माहौल है। प्रिया पवार, पिता प्रेमलाल पवार की सुपुत्री हैं। उन्होंने अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने प्रिया की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। परिजनों ने भी प्रिया की सफलता पर हर्ष जताते हुए कहा कि उनकी मेहनत रंग लाई है। प्रिया ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया है। दिल्ली पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल बागडोना के संचालक प्रबंधक भूपेंद्र मालवीय ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी स्कूल का रिजल्ट अच्छा आया है आगे भी पूरी मेहनत करेंगे कि रिजल्ट इसी तरह अच्छा आता रहे।

## वन्यजीवों का जल संकट मिटाने राष्ट्रीय हिंदू सेना ने टांकों का निर्माण कराया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिले में भीषण गर्मी के कारण जंगलों में जलस्त्रोत सूखने लगे हैं, जिससे वन्यजीवों के सामने पेयजल का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। सारणी स्टेट हाईवे से लगे आमडोल और बरेठा घाट जैसे क्षेत्रों में हजारों की संख्या में बंदर, पक्षी और अन्य जंगली जीव पानी के लिए भटक रहे हैं। इस स्थिति को देखते हुए राष्ट्रीय हिंदू सेना के कार्यकर्ताओं ने वन्यजीवों के लिए पानी की व्यवस्था शुरू की है। संगठन के सदस्य जंगल और सडक़ किनारे विभिन्न स्थानों पर पानी से भरे मटके रख रहे हैं। इसके अतिरिक्त, आमडोल और बरेठा घाट क्षेत्र में लगभग पांच स्थानों पर टांकों का निर्माण भी किया जा रहा है। इन टांकों में नियमित रूप से पानी भरा जा रहा है, ताकि भीषण गर्मी में वन्यजीवों को राहत मिल सके। कार्यकर्ता राहगीरों से भी इन घड़ों में पानी भरकर सहयोग करने की अपील कर रहे हैं। इधर, वन विभाग भी अपने स्तर पर वन्यजीवों के लिए पानी की व्यवस्था कर रहा है। चिचोली रेंजर शैलेंद्र चौरसिया के अनुसार, उनके क्षेत्र में 10 से 12 सासर (सीमेंट टैंक) बनाए गए हैं, जबकि पश्चिम वन मंडल में ऐसे 25 से 30 सासर मौजूद हैं। इन सासरों को टैंकरों के माध्यम से भरा जाता है। हालांकि, विभाग फिलहाल अतिरिक्त बजट का इंतजार कर रहा है, जिससे व्यवस्था करने में बाधा आ रही है।

### सैकड़ा अंग प्रत्यारोपण का लक्ष्य

## दिव्यांगता मुक्त भारत, परीक्षण एवं अंग प्रत्यारोपण शिविर आज



**बैतूल।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं सेवा भारती के द्वारा अनेक सेवा कार्य किए जा रहें हैं। इसी कड़ी में सेवा भारती, महावीर सेवा सदन कोलकत्ता एवं जॉइंट्स ग्रुप इंदौर के सौजन्य से जिले के नेहरू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ग्राम खेड़ी में लोक भारतीय शिक्षण समिति बैतूल के माध्यम से निशुल्क परीक्षण एवं दिव्यांगजनों का अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन 19 अप्रैल से 23 अप्रैल तक किया जा रहा है। इस संबंध में कार्यक्रम आयोजक अभिषेक खंडेलवाल ने बताया कि शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा उपचार, जांच एवं माप के बाद निशुल्क कृत्रिम अंग वितरण करने के साथ ही समृद्धि हेल्थ केयर बैतूल द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण के लिए पांच दिवसीय शिविर में प्रत्येक ब्लॉक के लिए दिन निश्चित है। संघ ने भैंसदेही, घोड़ाडोंगरी, चिचोली, मुलताई, सारणी, शाहपुर, भीमपुर, आठनेर,आमला एवं बैतूल नगर में जरूरतमंदों से संपर्क कर पंजीयन किया गया है।

### प्रोजेक्ट अंक भी अप्राप्त छात्र का भविष्य अंधकार में

## बिना सूचना 12वीं के छात्र को किया प्राइवेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहपुर

शासकीय मॉडल हाई स्कूल शाहपुर में कक्षा 12वीं के छात्र निहाल प्रजापति के साथ गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है।



छात्र का प्रवेश पत्र नियमित जारी किया गया, इसके बावजूद वार्षिक परीक्षा परिणाम में उसे प्राइवेट दिखाया गया। परिजनों के अनुसार, छात्र को प्राइवेट किए जाने की कोई पूर्व सूचना न तो छात्र को दी गई और न ही अभिभावकों को। विद्यालय प्रशासन और बीआरसी से बातचीत में यह बात सामने आया कि छात्र विद्यालय आता था, फिर भी उसे अनुपस्थित दर्शाया गया। 1 सितंबर, 1 अक्टूबर और 10 जनवरी के अनुपस्थिति नोटिस एक साथ 29 जनवरी को प्रवेश पत्र के साथ दिए गए। यहां यह सवाल खड़ा होता है कि क्या यह प्रक्रिया माध्यमिक शिक्षा मंडल के नियमों के अनुसार सही है?

इस कार्रवाई के कारण छात्र के प्रोजेक्ट अंक भी शामिल नहीं हो पाए, जिससे उसके कुल प्रतिशत पर सीधा असर पड़ा। परिजनों का कहना है कि यदि छात्र वास्तव में अनुपस्थित था, तो उसे सुधार का अवसर दिया जाना चाहिए था। इसी संबंध में विकासखंड शिक्षा अधिकारी शाहपुर जीआर बरड़े ने बताया कि छात्र के द्वारा आवेदन कार्यालय को दिया गया है। जिसे मैंने उच्च कार्यालय जिला बैतूल को कार्यवाई के लिए पहुंचा दिया है। दिशा निर्देश प्राप्त होते ही कार्रवाई की जाएगी।

### कब्जों और धर्मांतरण पर कार्रवाई की मांग

## बजरंग दल ने बैतूल में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बैतूल शहर में विभिन्न मुद्दों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने शिवाजी चौक पर एकत्रित होकर नारेबाजी की और पुतला दहन किया। प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ताओं ने जिला प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में देश में अवैध कब्जों और जबरन धर्मांतरण जैसे मामलों पर चिंता व्यक्त की गई। संगठन ने इन मुद्दों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। साथ ही, सामाजिक सौहार्द बनाए रखने और कानून-व्यवस्था को मजबूत करने की अपील भी की गई। प्रशासन से त्वरित कदम उठाने की अपेक्षा जताई गई है। इस प्रदर्शन का नेतृत्व मध्य भारत प्रांत के गौरक्षा प्रमुख कृष्णकांत गावंडे ने किया। कार्यक्रम में संगठन के जिला संयोजक शुभम यादव और जिला मंत्री श्याम राठौर सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रदर्शन के दौरान मौके पर पुलिस बल भी तैनात रहा और स्थिति शांतिपूर्ण बनी रही।

## धूमधाम से मनाई जाएगी परशुराम जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



बैतूल सनातन समाज बैतूल के तत्वावधान में ब्राह्मण समाज के आराध्य भगवान परशुराम जी प्रकट उत्सव आज रविवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। सनातन ब्राह्मण समाज के वरिष्ट उपाध्यक्ष पं.अनिल मिश्र ने बताया कि आज बडोरा मंदिर में सुबह 8 बजे से अभिषेक, हवन-पूजन,सम्पन्न किये जाएंगे। दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक भोजन प्रसादी वितरण की जाएगी और शाम 6 बजे से भगवान परशुराम चौक पर प्रसादी वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आमला विधायक डॉ.योगेश पंडाग्रे उपस्थित रहेंगे। सर्व सनातन ब्राह्मण समाज ने सभी स्वजातीय बंधुओं से उपस्थित होने का आग्रह किया है।

## गंज मंडी परिसर में चलाया सफाई अभियान



**बैतूल।** शनिवार स्वच्छता का त्यौहार अभियान के अंतर्गत नगरपालिका परिषद बैतूल द्वारा गंज मंडी पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान में नपा अध्यक्ष पार्वतीबाई बारस्कर, उपाध्यक्ष महेश राठौर, कैलाश धोते, पिंटू परिहार, पार्षदगण, नपा अधिकारी/कर्मचारीगणों द्वारा सफाई की गई। स्वच्छता का त्यौहार नगर पालिका परिषद बैतूल द्वारा प्रत्येक शनिवार चलाया जाएगा। जिसका उद्देश्य नगर के प्रत्येक वार्ड एवं प्रत्येक सार्वजनिक स्थलों की सफाई करना है।

## नारा और दीवार लेखन गतिविधियों से दिया जल संरक्षण करने का संदेश




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में पानी की प्रत्येक बूंद को सहेजने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रदेश में बड़ी संख्या में खेत तालाब, अमृत सरोवर, रैन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम और सूखे कुँओं को नया जीवन देने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही नागरिकों को जल संरक्षण के लिये प्रेरित करने हेतु विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला बैतूल द्वारा संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल स्रोत सेवा समागम कार्यक्रम द्वितीय चरण में जिले के सभी विकासखण्डों में व्यापक जनजागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

इस अभियान के अंतर्गत 19 मार्च से नवांकुर स्वयंसेवी संस्थाओं, प्रस्फुटन समितियों एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों के सहयोग से विभिन्न ग्रामों में सुरक्षित जल समृद्ध कल विषय पर नारा लेखन एवं दीवार लेखन किया जा रहा है। इन गतिविधियों का मुख्य उद्देश्य समुदाय को जल संरक्षण एवं जल स्त्रोतों के संवर्धन के प्रति जागरूक करना तथा समाज और सरकार की सहभागिता से इसे एक जन-आंदोलन का रूप देना है। दीवार लेखन के माध्यम से जल की महत्ता, वर्षा जल संचयन, जल स्त्रोतों की स्वच्छता एवं संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण संदेश आमजन तक सरल एवं प्रभावी तरीके से पहुँचाए जा रहे हैं। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा इस प्रकार की जनजागरूकता गतिविधियों को निरंतर गति प्रदान की जा रही है, जिससे आमजन में जल एवं जल स्त्रोतों के संरक्षण के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित हो सके।

### गेहूं-मक्का बेचने के बाद नहीं मिला भुगतान, कर्ज में डूबे किसान

## फसल खरीदी के नाम पर 20 लाख ठगकर फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

क्षेत्र के ग्राम डहुआ में किसानों के साथ बड़े आर्थिक धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। फसल खरीदी के नाम पर करीब 20 लाख रुपये की ठगी कर आरोपी फरार हो गया है। इस घटना से गांव के किसानों में आक्रोश और चिंता का माहौल बना हुआ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम डहुआ के कई किसानों ने अपनी गेहूं और मक्का की फसल एक व्यक्ति को बेची थी। आरोपी ने किसानों को जल्द भुगतान करने का आश्वासन दिया था, लेकिन लंबे समय बीत जाने के बाद भी उन्हें उनकी मेहनत की कमाई नहीं मिल सकी। किसानों का आरोप है कि संबंधित व्यक्ति लगभग 20 लाख रुपये की राशि लेकर 25 मार्च 2026 को गांव छोडक़र फरार हो गया।

#### शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं

पीड़ित किसानों ने बताया कि उन्होंने इस मामले की शिकायत पहले ही थाना मुलताई में दर्ज कराई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। प्रशासन की इस निष्क्रियता से किसानों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। किसानों का कहना है कि इस धोखाधड़ी के चलते वे आर्थिक और मानसिक रूप से परेशान हो चुके हैं। कई किसानों ने फसल उत्पादन के लिए कर्ज लिया था, जिसे चुकाने का दबाव अब उन पर लगातार बढ़ रहा है।



#### प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग

पीड़ित किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि आरोपी के खिलाफ जल्द से जल्द सख्त कार्रवाई की जाए और उनकी बकाया राशि दिलाई जाए, ताकि वे इस संकट से उबर सकें। गांव के किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि उन्हें जल्द न्याय नहीं मिला, तो वे मजबूर होकर बड़ा आंदोलन करेंगे।

### गर्मी में पेयजल के लिए परेशान होते हैं कर्मचारी, अधिवक्ता गण व पक्षकार

# पुरानी तहसील परिसर में लगा हैंडपंप बंद पड़ा, पानी की टंकी भी खस्ताहाल

तहसील कार्यालय स्थित है। जिसमें एसडीएम कार्यालय संचालित होता है। यहां बनी पानी की टंकी वर्षों से खराब हालत में है। वहीं गर्मी के इस मौसम में तहसील कार्यालय आने वाले पक्षकारों एवं अन्य लोगों को पीने के पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। नागरिकों ने प्रशासन से व्यवस्था बनाने की मांग की है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर



सोहागपुर। पुरानी तहसील कार्यालय में बंद पड़े हैंडपंप एवं खराब पड़ी टंकी।

शहर के मुख्य बाजार के बीचो-बीच पुराना तहसील कार्यालय स्थित है। जिसमें एसडीएम कार्यालय संचालित होता है। यहां बनी पानी की टंकी वर्षों से खराब हालत में है। तथा हैंडपंप भी लगभग दो सप्ताह से बंद पड़ा है। नागरिकों ने हैंडपंप सुधार एवं टंकी को दुरुस्त करने की मांग की है।

कई पक्षकारों एवं अधिवक्ताओं ने बताया कि एसडीएम कार्यालय में नियमित ही बड़ी संख्या में आम नागरिकों तथा अधिवक्ताओं का विविध शासकीय कार्यों के संबंध में आना-जाना होता है। और फिलहाल चूंकि भीषण गर्मी का दौर है। अतः पेयजल की सुविधा होना अति आवश्यक है। लेकिन पुरानी तहसील कार्यालय में बनी पानी की टंकी वर्षों से खराब हालत में है। तथा हैंडपंप भी लगभग दो सप्ताह से अधिक समय से बंद पड़ा है। हैंडपंप को चलाने पर इसमें पानी नहीं आता है। अतः जरूरी है कि पुरानी टंकी को दुरुस्त किया जाए, इसमें लगे पुराने नल बदले जाएं व हैंडपंप का सुधार किया जाए। नागरिकों का कहना है कि हैंडपंप की बोरिंग को पर्याप्त सुधार कर इसमें एक मोटर डाली जा सकती है। जिससे टंकी को भी भरा जा सकता है। ताकि आने-जाने वाले लोगों को हैंडपंप तथा टंकी के माध्यम से पेयजल उपलब्ध हो सके।

### किये थे प्रयास

भाई जी अहिरवार ने बताया कि वे प्रतिदिन तहसील कार्यालय में नागरिकों की जन सुविधार्थ उपलब्ध होते हैं। लेकिन लंबे समय से हैंडपंप खराब है। जिसकी सूचना लगभग दो सप्ताह पूर्व सोहागपुर नगर परिषद को दी गई थी। नप के कर्मचारियों ने लगभग दो सप्ताह पूर्व पहुंचकर हैंडपंप सुधारने का प्रयास किया। लेकिन सफलता नहीं मिली।

भाईजी अहिरवार सहित अन्य अधिवक्ताओं तथा नागरिकों ने बताया कि हैंडपंप की बोरिंग को साफ कराया जाए, कंप्रेसर से इसकी गंदगी हटाई जाए, आवश्यकता पड़ने पर पाइप संख्या बढ़ाई जाए तथा स्ट्रक्चर सुधार जाए, तो हैंडपंप सुधार का कार्य आसानी से हो सकता है। एवं पुरानी तहसील कार्यालय में आने जाने वाले लोगों को पेयजल उपलब्ध हो सकता है। देखना होगा कि नगर प्रशासन इस दिशा में सकारात्मक कदम कब तक उठा पाता है।

# संदीपनी स्कूल पहुंचे नपाध्यक्ष सफाई व्यवस्था पर जताई कड़ी नाराजगी, बोले सुधार करें

### तीन अनुपस्थित कर्मचारी मिले, लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी मालवा



शहर के संदीपनी विद्यालय में साफ-सफाई और व्यवस्थाओं की शिकायतों के बीच नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन ने विद्यालय पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर, शौचालयों और अन्य स्थानों पर सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं मिलने पर उन्होंने गहरी नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए।

### परिसर और शौचालयों की स्थिति पर नाराजगी

निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर में जगह-जगह गंदगी और कचरे के ढेर दिखाई दिए। शौचालयों में भी पर्याप्त सफाई नहीं मिली, जिस पर नगर पालिका अध्यक्ष ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि विद्यालय जैसे शिक्षण संस्थान में स्वच्छता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए और इस प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

### तीन कर्मचारी अनुपस्थित मिले

विद्यालय प्राचार्य ए.के. राजपूत ने बताया कि वर्तमान में विद्यालय में छह सफाई कर्मचारी कार्यरत हैं, लेकिन निरीक्षण के समय केवल तीन कर्मचारी ही उपस्थित मिले। इस पर नगर पालिका अध्यक्ष ने नाराजगी व्यक्त की। अध्यक्ष की सख्ती के बाद सभी सफाई कर्मचारी विद्यालय पहुंच गए।

### अतिरिक्त कर्मचारियों की स्वीकृति

प्राचार्य ने जानकारी दी कि विद्यालय के लिए तीन अतिरिक्त सफाई कर्मचारियों के पद भी स्वीकृत हो चुके हैं। इस पर नगर पालिका अध्यक्ष ने संबंधित एजेंसी को तत्काल कर्मचारी उपलब्ध कराने के निर्देश देते हुए कहा कि विद्यालय जैसी बड़ी संस्था में पर्याप्त सफाई स्टाफ रहना आवश्यक है।


### आगे रोज देना होगा कचरा

नगर पालिका अध्यक्ष ने स्पष्ट कहा कि नगर पालिका अमला विद्यालय परिसर की सफाई में अंतिम बार सहयोग करेगा, लेकिन इसके बाद विद्यालय प्रबंधन को नियमित रूप से नगर पालिका की कचरा गाड़ी में प्रतिदिन कचरा देना होगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छता बनाए रखना विद्यालय प्रशासन की भी जिम्मेदारी है।

निरीक्षण के दौरान विद्यालय प्रबंधन ने पार्किंग शेड सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की मांग रखी। इस पर नगर पालिका अध्यक्ष ने पार्किंग शेड निर्माण में सहयोग का आश्वासन दिया। साथ ही विद्यालय की अन्य समस्याओं के निराकरण के लिए स्कूली शिक्षा मंत्री से मुलाकात कर आवश्यक पहल करने की बात कही। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों विद्यालय की साफ-सफाई और विभिन्न कमियों से जुड़े वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे, जिसके बाद नगर पालिका अध्यक्ष ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कड़ी नाराजगी जताई थी। इसी क्रम में उन्होंने स्वयं विद्यालय पहुंचकर निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

# शुक्रवाड़ा उप नहर हुई ओवरफ्लो किसानो की मूंग की फसल डूबी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माखननगर



तहसील के शुकरवाड़ा कला ग्राम के पास शुक्ररवाड़ा के टेल क्षेत्र में नहर में अत्यधिक पानी छोड़े जाने के कारण ओवरफ्लो होने से ग्राम शुकरवाड़ा धांनसी गुढ़ला ग्राम के 30 किसानों के खेतों में लगी मूंग की फसल पानी में डूब जाने के कारण नष्ट हो गई इससे किसानों को लाखों रुपए का नुकसान उठाना पड़ेगा। बताया जाता है कि शुक्ररवाड़ा उपनहर में बरसों से सफाई नहीं होने के कारण एवं नहर पर दो-तीन पुलिया इतनी सकरी बनाई गई है जिससे पानी की निकासी नहीं हो पा रही थी इसी बीच नहर विभाग द्वारा पानी को जरूर से ज्यादा छोड़े जाने के कारण नहर ओवरफ्लो हो जाने के कारण इन ग्रामों में खेतों में पानी भर गया जिससे फसल नष्ट होने की स्थिति पैदा हुई शासन इनके नुकसान का मूल्यांकन कराकर आर्थिक सहायता प्रदान करें इस संबंध में नहर विभाग के एसडीओ से बात करनी चाहिए तो उनसे फोन पर संपर्क नहीं हो सका।

# सांदीपनि विद्यालय में जल संरक्षण पर जागरूकता कार्यशाला आयोजित




**भैरूंदा।** शुक्रवार को नगर के सांदीपनि विद्यालय में "जल गंगा संवर्धन अभियान" के अंतर्गत जल संरक्षण विषय पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों और विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए जल के महत्व, वर्तमान जल संकट और संरक्षण के उपायों पर अपने विचार साझा किए। वक्ताओं ने कहा कि पृथ्वी पर उपलब्ध कुल जल में लगभग 97 प्रतिशत खारा है, जबकि केवल 3 प्रतिशत ही मीठा जल है, जिसमें से बहुत कम हिस्सा ही मानव उपयोग के लिए सुलभ है। ऐसे में जल की प्रत्येक बूंद का संरक्षण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गई है। चेतावनी दी गई कि यदि अभी से ठोस प्रयास नहीं किए गए तो आने वाली पीढ़ियों को गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ सकता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महेश वर्मा ने वर्षा जल संचयन, जल का सीमित उपयोग और अपव्यय रोकने पर जोर दिया। पल्लवी यादव ने विद्यार्थियों से घर-घर जल बचत का संदेश पहुंचाने का आह्वान किया। बलवान सिंह सोलंकी ने कहा कि गिरते भूजल स्तर को देखते हुए जल स्त्रोतों के संरक्षण के साथ-साथ पौधारोपण भी अत्यंत आवश्यक है। राधिका भवरेटा एवं प्रीति चौहान ने दैनिक जीवन में छोटे-छोटे उपाय जैसे नल खुला न छोड़ना, पानी का रिसाव ठीक कराना और जल का पुनः उपयोग करने पर बल दिया। छात्रा कोमल जाट एवं इशिका बाँकरिया ने भी जल संरक्षण पर प्रेरक विचार प्रस्तुत कर सभी को जागरूक किया। कार्यक्रम में भारती देवलिया, मंजू वर्मा, सुनीता ठाकुर सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### मप्राकसं ने पिपरिया में की पदाधिकारियों की नियुक्ति

पिपरिया। जनपद पंचायत क्षेत्र सहित नगर पालिका परिषद क्षेत्र में वर्तमान परिप्रेक्ष्य में लगातार शासकीय अधिकारियों कर्मचारियों के संगठनों की घोषणा की जा रही है।अभी वर्तमान में मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने ब्लाक अध्यक्ष पद पर ब्रज भूषण शर्मा शिक्षक को नियुक्त किया गया है। तथा सचिव के पद पर गिरवर पुरुविया महुआ खेड़ा तथा कोषाध्यक्ष के पद पर दिलीप मालवीय को नियुक्त किया गया है। अभी कुछ दिनों पूर्व सपाकस स्पीक संघ की भी घोषणा की गई है।नव नियुक्त किए गए पदाधिकारियों को शुभकामनाएं बधाई दी गई है। कर्मचारियों के हित की आवाज उठाई जाएगी। टीम पर विश्वास जताया गया है कि यह टीम गठित कर कार्यवाही में हिस्सा लेने साथ ही रहेंगे।

# केन बेतवा लिंक परियोजना का विरोध कर ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया



आ दि वा सी विकास कांग्रेस के द्वारा जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में केन बेतवा लिंक निर्माण परियोजना से प्रभावित पीड़ित सैंकड़ों आदिवासी परिवार जनों को सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की गई है। ग्राम सभाओं में लगातार विधिवत कार्यवाही नहीं हुई है। विस्थापित गांव के परिवार को जमीन नहीं दी गई है। जमीन के बदले जमीन तथा प्रत्येक पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की बात कही है। पिछले दिनों से पीड़ित परिवार हड़ताल पर बैठे हुए थे। सरकार तथा वन विभाग के खिलाफ आवाज उठाती जा रही है। भारत सरकार के राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। केन बेतवा लिंक निर्माण परियोजना को उचित मुआवजा देने की मांग की गई है। राहुल उईके सहित अन्य सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में जिला कलेक्टर सोमेश मिश्रा के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। सभी जगह आदिवासी विकास कांग्रेस कमेटी सहित अन्य सभी ने आवाज उठाई है।

# सिवनी मालवा में आज होगा 24 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्मेलन समारोह

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत भव्य आयोजन किया जा रहा है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी मालवा



नगर पालिका परिषद सिवनी मालवा द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत 19 अप्रैल रविवार को सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 24 जोड़ों का विवाह विधिवत रूप से संपन्न कराया जाएगा। नगर पालिका द्वारा जारी आमंत्रण के माध्यम से क्षेत्र के नागरिकों से कार्यक्रम में सहभागिता की अपील की गई है।

नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन की सक्रियता के चलते आयोजन की तैयारियों में तेजी आई है। अध्यक्ष द्वारा लगातार व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग की जा रही है और स्वयं स्थल पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि कार्यक्रम में आने वाले सभी अतिथियों एवं वर-वधुओं के लिए बेहतर और सम्मानजनक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

अध्यक्ष रितेश जैन ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमर सिंह उइके के साथ कार्यक्रम स्थल श्रीराम जानकी मंदिर, नंदरवाड़ा रोड का निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई, पेयजल, बैठने की व्यवस्था, प्रकाश एवं अन्य सुविधाओं को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में होंगे संस्कार

यह आयोजन श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में आयोजित होगा, जहां निर्धन परिवारों की कन्याओं का विवाह पूरे विधि-विधान के साथ संपन्न कराया जाएगा। आयोजन का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को सहयोग प्रदान करते हुए सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के तहत प्रातः 9 बजे बस स्टैंड से बारात प्रारंभ होकर मंदिर पहुंचेगी, जबकि प्रातः 11 बजे गायत्री परिवार पद्धति से पाणिग्रहण संस्कार संपन्न होगा। नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस पुनीत अवसर पर उपस्थित होकर नवदंपतियों को आशीर्वाद प्रदान करें। अध्यक्ष रितेश जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण पहल है और नगर पालिका इसे पूरी गरिमा एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया।

### माखननगर में भी होगा सामूहिक विवाह का आयोजन

**माखन नगर।** मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत जनपद प्रांगण में रविवार को सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है जिसमें 53 जोड़े दांपत्य जीवन की डोर से बंधेंगे सीईओ जनपद रजनीश ताराम सी एमओ जी एस राजपूत ने शनिवार को विवाह स्थल पर पहुंचकर कार्यक्रम की तैयारी का जायजा लिया एवं आवश्यक निर्देश दिए सामूहिक विवाह कार्यक्रम में क्षेत्र के विधायक विजयपाल सिंह पहुंच कर नव दंपतियो को शुभकामनाएं देंगे।

# परीक्षा तनाव प्रबंधन कार्यशाला: लक्ष्य निर्धारित कर पूरा करने से आत्मविश्वास बढ़ता : तिवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माखननगर



श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय, माखन नगर में 18 अप्रैल को महाविद्यालय में छात्रों के लिए परीक्षा तनाव प्रबंधन विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य आगामी परीक्षाओं के दौरान छात्रों में होने वाली घबराहट को कम करना और उन्हें सकारात्मक मानसिक दृष्टिकोण के साथ तैयारी करने में मदद करना था।

कार्यशाला में जन अभियान परिषद से मुख्य वक्ता के रूप में श्री हर्ष तिवारी जी को उपस्थित रहे।

कार्यशाला में मुख्य वक्ता ने अपने संबोधन में परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों द्वारा सामना की जाने वाली समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान सकारात्मक दृष्टिकोण का विकासः परीक्षा केवल एक आकलन है, न कि जीवन का अंत। उन्होंने छात्रों को स्वयं की तुलना दूसरों से न करने की सलाह दी। समय प्रबंधन एक प्रभावी अध्ययन तालिका बनाने के महत्व को समझाया गया। छोटे-छोटे लक्ष्यों को निर्धारित कर उन्हें पूरा करने से आत्मविश्वास बढ़ता है।

संतुलित आहार और नींदः स्वस्थ मस्तिष्क के लिए पर्याप्त नींद (7-8 घंटे) और पौष्टिक आहार के महत्व पर जोर दिया गया।भय का सामनाः छात्रों को सिखाया गया कि प्रश्न-पत्र कठिन लगने पर घबराने के बजाय, जो प्रश्न आते हैं, उन्हें पहले हल करें ताकि आत्मविश्वास बना रहे। कार्यशाला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ नीता चौबे, के दिशा निर्देशन में सम्पन्न हुआ।

# ग्राम गोल में नारी शक्ति पदयात्रा का आयोजन किया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ माखननगर

शनिवार को परियोजना माखन नगर सेक्टर सांगा खेड़ा खुर्द के ग्राम गोल में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में ग्राम की प्रतिष्ठित महिलाएं मात्र सहयोगिनी समिति की अध्यक्ष सचिव शौर्य दल सदस्य लाडली बहना शिक्षक एवं शिक्षिकाएं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं सहायिकाएं और पर्यवेक्षक प्रीति वर्मा उपस्थित ग्राम की किशोरी बालिकाओं को भी इसमें सम्मिलित किया गया पर्यवेक्षक द्वारा महिला सशक्तीकरण से संबंधित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई एवं आत्मनिर्भर बनने के विषय में बताया इसके साथ-साथ नारी शक्ति पदयात्रा का आयोजन भी किया गया जिसमें ग्राम की अन्य महिलाएं भी शामिल हुई1

### सेंट पैट्रिक स्कूल के सीबीएसई परीक्षा परिणाम घोषित

# 10 व 12 वीं में छात्रों ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर



शिवांजय पटेल



आर्यव्रत सिंह तोमर



आदित्य जेठवानी



दीपाली विश्वकर्मा



सृष्टि राय



हर्ष पटेल।

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में स्थानीय सेंट पैट्रिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल सोहागपुर ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिचय देते हुए शानदार सफलता हासिल की है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर ना केवल अपने अभिभावकों बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस वर्ष परीक्षा परिणाम में विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त की। कक्षा में प्रथम स्थान शिवांजय पटेल ने 94.2% अंक प्राप्त कर हासिल किया। इसके अलावा आर्यव्रत सिंह तोमर ने 93.8%, आदित्य जेठवानी ने 90.8%, दीपाली विश्वकर्मा एवं सृष्टि राय ने 90.6% तथा हर्ष पटेल ने 90.2% अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय का समग्र परीक्षा परिणाम अत्यंत सराहनीय रहा, जिसमें अधिकांश छात्र-छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की। यह सफलता विद्यार्थियों की कठोर मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर संस्था के प्राचार्य फादर दिलीप कुमार मिंज ने विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों के अनुशासन, निरंतर प्रयास और शिक्षकों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रमाण है। विद्यालय प्रबंधन ने भी सभी सफल विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी छात्र-छात्राएं इसी प्रकार सफलता स्थापित करेंगे।

# सरस्वती शिशु मंदिर की छात्रा का कलेक्टर ने सम्मान किया

### कक्षा दसवीं में 98.6 प्रतिशत अंक लाने पर दी बधाई




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

सरस्वती शिशु मंदिर सोहागपुर की छात्रा बहन महिमा सराठे ने मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा दसवीं में 96.8% अंक प्राप्त किये हैं। इस उपलब्धि पर छात्रा महिमा सराठे को गत दिवस कलेक्टर नर्मदापुरम् सोमेश मिश्रा द्वारा सम्मानित किया गया है।

छात्रा को समस्त क्षेत्रवासियों ने बधाई दी है।

## खबर संक्षेप



### अग्निदुर्घटना पीड़ितों को खाद्यान्न सामग्री उपलब्ध

**हरदा।** टिमरनी विकासखंड के तहसील रहटगांव के वनाँचल के ग्राम बड़झिरी मे गत दिवस अचानक आग लगने से 08 परिवारो के बसें घर जल गए, आगजनी की इस दुखद घटना मे परिवार के पास तन पर पहने कपड़ो के अलावा कुछ नहीं बचा, पूर्ण रूप से घर जलकर नष्ट हो गए तथा खाद्यान्न, कपडे, बर्तन सभी आगजनी मे नष्ट हो गए। शनिवार को उचित मूल्य दुकान के विक्रेता आमीन खान एवं सहायक विक्रेता भैयालाल परते ने ग्राम बड़झिरी में पीड़ित परिवारों को प्रति परिवार 50 किलोग्राम खाद्यान्न उपलब्ध कराया।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत



**हरदा।** जिले के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कमताडा में बीती रात एक सड़क हादसे में 45 वर्षीय व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, ग्राम सिराली के वार्ड नंबर 11 निवासी राजू पिता रामेश्वर धुर्वे (45) सालाबैडी से मजदूरी कर अपने गांव सिराली लौट रहे थे। इसी दौरान ग्राम कमताडा में निखलेश मोरछले के मकान के सामने किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा बनाया और मर्ग कायम किया। शनिवार सुबह जिला अस्पताल में मृतक के शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक के बेटे वीर सिंह धुर्वे ने बताया कि उनके पिता पिछले आठ-नौ महीने से सालाबैडी में मजदूरी कर रहे थे। राजू के चार बेटे और एक बेटी है। वह अपने दो भाइयों में बड़े थे। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि हादसे के तुरंत बाद एम्बुलेंस को सूचना दी गई थी, लेकिन वह एक घंटे देरी से पहुंची, तब तक घायल व्यक्ति की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने बताया कि अज्ञात वाहन की तलाश के लिए गांव में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

**जिला स्तरीय मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह आयोजित**

# प्रतिस्पर्धा के युग में स्वयं की प्रतिभा को निखारें विद्यार्थी: कलेक्टर

## प्रावीण्य सूची में अव्वल स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को मिलेगा किंडल ई बुक रीडर





हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने कहा कि प्रतिस्पर्धा के युग में विद्यार्थियों को स्वयं की प्रतिभा निखारना जरूरी है। इसके लिए वह पूरी मेहनत के साथ अध्ययन करें। साथ ही अपने उज्वल कैरियर के लक्ष्य पर फोकस करें। जैन शनिवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जिला स्तरीय मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे।

समारोह में 10वीं एवं 12वीं बोर्ड कक्षा में राज्य तथा जिले की प्राविण्य सूची में स्थान पाने वाले 15 छात्र छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। कलेक्टर ने कहा कि महाविद्यालयों में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी स्वयं में बेहतर तार्किक क्षमता विकसित करें। साथ ही अध्ययन के लिए चयनित विषयों को अपने जेहन में उतारें। अध्ययन में पूर्णता लाने के लिए अपने विषय से संबंधित ज्यादा से ज्यादा प्रश्न पूछने की क्षमता विकसित करें। दसवीं कक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थी अपनी रूचि के बिषय का चयन करें । उन्होंने कहा कि प्रावीण्य सूची में अव्वल स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को किंडल ई बुक रीडर भी प्रदान की जाएगी। इस बुक रीडर से विद्यार्थियों को उपयोगी किताबों को अध्ययन करने में मदद मिलेगी। साथ ही विद्यार्थियों के लिए कैरियर काउंसलिंग सत्र आयोजित कर उन्हें बेहतर कैरियर निर्माण के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि विद्यार्थी एडवांस कोडिंग एवं एआई कोर्सेज से जरूर जुड़ें। समारोह में राज्य स्तर एवं जिला स्तर की प्रावीण्य सूची में स्थान पाने वाले जिन विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया उनमें गौरव विद्या निकेतन रहटगांव की छात्रा थल वंदना मल्हारे, लक्ष्मी बाई विद्या मंदिर टिमरनी के छात्र प्रवीण मालाकार, सनराइज स्कूल टिमरनी की छात्रा हर्षिता चौरसिया, तक्षशिला एकेडमी हरदा की छात्रा तनवी शर्मा, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टिमरनी की छात्रा शीतल राजपूत, रेड फ्लावर स्कूल नकवाड़ा की छात्रा दिशा राजपूत, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टिमरनी के छात्र जय राठौड़, मां शारदा विद्यापीठ हरदा की छात्रा आयुषी शर्मा, हरदा स्कूल आफ एजुकेशन हरदा की छात्रा भूमि नागले, डॉ. बी.आर. अंबेडकर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय हरदा के छात्र मोहित दुधे, महर्षि ज्ञानपीठ स्कूल हरदा की छात्रा सिमरन यादव, शासकीय कन्याउच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिराली की छात्रा निषाद तथा इंपीरियल पब्लिक स्कूल खिरकिया की छात्रा फाल्गुनी भैसारे शामिल है। कार्यक्रम के अंत में जिला शिक्षा अधिकारी डी. एस. रघुवंशी ने आभार व्यक्त किया इस दौरान सर्व शिक्षा अभियान के जिला कार्यक्रम समन्वयक बलवंत पटेल ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।

**खनिज विभाग की कार्रवाई**

# अवैध उत्खनन व परिवहन में संलग्न दो ट्रैक्टर ट्राली जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण की कार्रवाई लगातार जारी हैं। शनिवार को सहायक खनिज अधिकारी चैनसिंह डामोर एवं खनिज निरीक्षक देवेन्द्रसिंह की टीम ने आकस्मिक जांच के दौरान ग्राम छीपानेर में खनिज रेत का अवैध परिवहन करते हुए 2 ट्रैक्टर ट्राली पाई। इनके नंबर क्रमशः एमपी 47 एएच 3510 एवं ट्रैक्टर ट्राली डीजी ट्रैक 43 पीपीआई बिना नम्बर ब्लैक कलर चेचिस नंबर टी053776431एचपी है। ट्रैक्टरों में बिना वैद्य अभिबहन पास होने से वाहनों को चालक रामकृष्ण संगुले पिता महेश संगुले, निवासी - छीपानेर एवं संजय चौहान पिता मोहनलाल चौहान निवासी - तजपुरा से जप्त कर पुलिस चौकी करताना, थाना टिमरनी में सुरक्षार्थ खड़ा किया गया। ट्रैक्टरों के मालिक सुरेंद्र राजपूत निवासी छिपानेर एवं सतीश राजपूत निवासी छिपानेर हैं। दोनों ट्रैक्टरों के प्रकरण तैयार कर अपर कलेक्टर न्यायालय में प्रेषित किए जाएंगे एवं दोनों ट्रैक्टरों पर मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 के प्रावधान के तहत कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी एवं अवैध उत्खनन, परिवहन पर कार्यवाही सतत जारी रहेगी।

# पहाड़ी अंचल के 32 गांवों में एंबुलेंस नहीं, प्रसूता को पिकअप से लाना पड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या



सरकार द्वारा शासकीय अस्पतालों के केन्द्रों में प्रसूति कराने के लिए तमाम सुविधाएं दी जा रही है। लेकिन धरातल पर उन्हें उक्त सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। गुरुवार को एक प्रसूता को केंद्र तक पीकअप वाहन से लाने के लिए विवश होना पड़ा है। शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हेलापडावा तक एक प्रसूता को लाने के लिए उनके परिजनों को काफी मशक्कत करना पड़ी है। वहां प्रसूता लालीबाई पति सुनील भिलाला निवासी वनग्राम मलगांव ने एक बालिका को जन्म दिया। उसने बताया कि उसके परिजनों ने कई स्थानों पर फोन लगाये, लेकिन एम्बुलेंस उपलब्ध नहीं हो सकी। शा.प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रायलबेड़ा तक परिजनों ने समुचित प्रयास किये,लेकिन सफलता नहीं मिल सकी।आखिरकार पिकअप वाहन से प्रसूता को केंद्र तक लाना पड़ा। पहाड़ी अंचल के 32 गांवों में एंबुलेंस नहीं हैं। वहां पदस्थ एएनएम कंचन टेमनिया ने बताया कि मैं अकेली ही प्रसूति और उपचार करा रही हूं और मेरा कोई सहयोगी कर्मी तक नहीं है। यहां प्रतिमाह ओसतन 25 प्रसूति होती है और इस वर्ष जनवरी से अभी तक 87 प्रसूति हुई है। बीएमओ डा.दीपक शस्त्रे ने बताया कि एंबुलेंस की समस्या है और स्टाफ की कमी है। इस दिशा में प्रयास किये जा रहे हैं।

## जिले में आज और कल सामूहिक विवाह होंगे

**हरदा।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनाह के तहत जिले में आज 19 व कल 20 अप्रैल को सामूहिक विवाह व निकाह सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा सामूहिक विवाह कार्यक्रमों की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सामूहिक विवाह के लिए विशाल पंडाल व पेयजल सहित अन्य व्यवस्थाएं कर ली गई है। इस दो दिवसीय आयोजन में क्षेत्र के कई जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे। जारी कार्यक्रम अनुसार 19 अप्रैल को जनपद पंचायत हरदा द्वारा ग्राम अबगांवखुर्द में 135 जोड़े, नगर पालिका परिषद टिमरनी द्वारा कृषि उपज मण्डी टिमरनी में 43 जोड़े तथा जनपद पंचायत खिरकिया द्वारा ग्राम मांदला में 22 जोड़े का सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार 20 अप्रैल को जनपद पंचायत हरदा द्वारा अबगांवखुर्द में 29 जोड़े, नगर पालिका परिषद टिमरनी द्वारा कृषि उपज मण्डी टिमरनी में 151 जोड़ों का सामूहिक विवाह कार्यक्रम तथा नगर पालिका परिषद खिरकिया द्वारा कृषि उपज मण्डी के पास खिरकिया में 20 जोड़ों का सामूहिक निकाह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदा को आईएसओ 9001: 2015 एवं 14001: 2015 प्रमाण पत्र मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा




जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हरदा को अंतर्राष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों के अनुरूप कार्य करने तथा सेवा प्रदान करने के परिणामस्वरूप इंटरनेशनल स्टैण्डर्ड आग्रेनाईजेशन, नई दिल्ली के प्रतिनिधि शिवांशु तिवारी द्वारा अध्यक्ष अरविन्द रघुवंशी को आईएसओ प्रमाण पत्र क्रमांक 9001: 2015 एवं 14001: 2015 औपचारिक रूप से प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष श्री रघुवंशी ने अपने उद्बोधन में व्यक्त किया कि शनिवार 18 अप्रैल को कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हरदा में एक ऐतिहासिक एवं गौरवपूर्ण अवसर का पल है। यह प्रमाणन इस बात का प्रमाण है कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हरदा द्वारा पारदर्शी प्रशासनिक व्यवस्था, गुणवत्तापूर्ण विधिक सेवाएँ, पर्यावरण संरक्षण के मानकों का पालन जनहितकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सफलतापूर्वक सुनिश्चित किया जा रहा है।

न्यायाधीश व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदा चंद्रशेखर राठौर ने कहा कि यह उपलब्धि प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हरदा श्री रघुवंशी के कुशल मार्गदर्शन एवं सतत प्रयासों का परिणाम है। कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हरदा आईएसओ प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाला प्रदेश में चौथा प्राधिकरण बन गया है। उन्होने कहा कि सुधार एक निरंतर प्रक्रिया है जो आगे भी सतत रूप से जारी रहेगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समाज के अंतिम व्यक्ति तक विधिक सहायता पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम में आईएसओ के प्रतिनिधि शिवांशु तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि आईएसओ प्रमाण पत्र का मुख्य उद्देश्य कार्यालय द्वारा किए जाने वाले कार्यों को व्यक्ति उन्मुखी ना होकर सेवा उन्मुखी किया जाना है। उनके द्वारा आईएसओ प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु निर्धारित मापदण्डों की जानकारी देते हुए बताया गया कि कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदा द्वारा इन मापदण्डों को पूरा किया गया है, जिसके कारण उन्हें आईएसओ प्रमाण पत्र प्रदान किया जा रहा है।

कार्यक्रम में विशेष न्यायाधीश जयदीप सिंह, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय सुधीर कुमार चौधरी, तृतीय जिला न्यायाधीश निसार अहमद, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट लवकेश सिंह, जिला रजिस्ट्रार एस.के. भदकारिया, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी चेतना रूसिया, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी प्रेमदीप शाह, जिला विधिक सहायता अधिकारी सौरभ कुमार दुबे, अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ जगदीश विश्वकर्मा, सचिव जिला अधिवक्ता संघ हरदा शैलेन्द्र जोशी, संघ के कार्यकारिणी सदस्यगण, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल जवाहर पारे, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल अनीस मोहम्मद खान, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल अंतिमा चोलकर, जिला प्राधिकरण के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**डेहरिया पंचायत का गांव है, राजपुरा मार्ग के दोनों और बसा है**

# वनक्षेत्र कालिकराय में भेड़िया का दल सक्रिय, पशु बाड़े से दो बकरे और एक बच्चे का शिकार किया





हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या

समीपवर्ती कालिकराय गांव में पिछले 15,20 दिन से तीन भेड़िए (लेंडिया) की एक टोली सक्रिय है, जिनमें दो वयस्क और एक शावक है। वे दो बकरे और एक बच्चे (पाट) का शिकार कर चुके हैं। उन्होंने एक अन्य स्थान पर भी ऐसा ही प्रयास किया, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली है। वहीं, चिंतित पशु पालक पशु बाड़े के आसपास जालियां भी लगा रहें हैं। यह डेहरिया पंचायत गांव है, जो उसके पूर्वी अंतिम छोर पर राजपुरा मार्ग के दोनों और बसा है। वहां भिलाला जाति के करीब 20 परिवार रहते हैं और समीप ही राजपुरा के लोगों की बसाहट है। ग्रामीणों में भाईलाल पिता वेरांग भिलाला ने बताया कि पूर्वी भाग में रुपारेल नदी बहती है और वहीं दो गुफाएं भी हैं। वहीं से वे खेतों में अथवा मार्ग के समीप बसे पशु बाड़े के बकरे-बकरियों का शिकार करने की कोशिश कर रहें हैं। लेकिन कुत्तों के भौंकने और ग्रामीणों के चिल्लाने पर वे भाग खड़े होते हैं।

### सूने मकान में किया शिकार

पिछले दिनों पशुपालक गंगाराम पिता सोमला भिलाला अपने परिजनों सहित बहू की प्रसूति के लिए खरगोन गए थे। मौका पाकर तीनों भेड़िया ने दो बकरे और एक बच्चे (पाट) को ग्रास बना लिया। वे उन्हें घर के पीछे करीब 3,4 सौ मीटर दूर खेत में ले गए थे। सब रेंज झिरन्या की बीट राजपुरा के वनरक्षक मनोज सिरसाठे ने मौका



पंचनामा तैयार किया है। पीड़ित पशुपालक ने आर्थिक सहायता का अनुरोध किया है।

### कुत्तों के भौंकने से भागे

रविवार-सोमवार की रात करीब एक-डेढ़ बजे भेड़िए ने बालू पिता नानसिंह भिलाला 50 वर्ष के पशु बाड़े में घुसने की कोशिश की,लेकिन कुत्तों के भौंकने से वह जाग गया। उसने बताया कि उसने दो लेंडिया (भेड़िए ) को खेत में भागते हुए देखा वे बाड़े को तोड़कर अन्दर घुसने ही वाले थे, जिसमे 10,12 बकरे-बकरियां बंधे हुए थे। इसके एक-डेढ़ घंटे पूर्व करीब आधा कि.मी.दूर भाईलाल-वेरांग भिलाला ने बड़ी टार्च की रोशनी में तीन लेंडिया को देखा और उनकी आखों की रोशनी तेज चमक रही थी। थोड़ी दूर उनके काका कुवंरसिंह-वेस्ता का मकान है, उसने उन्हें देखकर उसे फोन पर सूचना दी थी। फलस्वरूप उन्हें भगाकर वह मकान के ऊपर जाकर सो गया था। अब वे बकरे-बकरियों का शिकार करने की कोशिश कर रहें हैं, लेकिन कुत्तों के भौंकने और ग्रामीणों के जागने से उन्हें सफलता नहीं मिल रही है।

### इनका कहना है...

वनक्षेत्रों में वन्य-प्राणी शिकार की तलाश आबादी क्षेत्रों में आते-जाते हैं। पशुपालकों एवं लोगों को सावधानियां रखना चाहिए। किसी प्रकार की घटना होने पर तत्काल सूचना देना चाहिए, अन्यथा आर्थिक सहायता देना संभव नहीं होता है।
**संजय चौहान, वन परिक्षेत्राधिकारी चिरिया (झिरन्या)**

## पति को न्याय दिलाने के लिए एसपी आफिस के बाहर धरने पर बैठी पत्नी

**सीहोर।** आरोपियों की नामजद शिकायत के बाद भी कोतवाली पुलिस ने ब्याजखोरों पर कोई कार्रवाई नहीं की। सूदखोरों की धमकियों और गुंडगर्दी से प्रतांड़ित महिला एसपी कार्यालय में शुक्रवार दोपहर में धरने पर बैठ गई। महिला ने बेनर पोस्टर तख्तियों पर आरोपियों के नाम लिखकर आक्रोश व्यक्त किया। महिला ने अपने पति को आत्महत्या के लिए उकसाने वाले ब्याजखोरो को गिरफ्तार करने की मांग की। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनिता रावत ने पीड़िता से साहनुभूतिपूर्वक चर्चा की और आरोपियों के विरूध सख्त कार्रवाई कराने का भरोसा दिया। ब्याजखोरों के चुंगुल में फसकर आत्महत्या के लिए जहर खाने वाला महिला का पति भोपाल स्थित अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती है। गंगा आश्रम निवासी ज्योति बैस पत्नि रूद्धप्रताप ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनिता रावत को दिए शिकायती पत्र में बताया कि मेरे पति फाइनेंस कंपनी के एजेंट हैं जो लोगों को लोन दिलाने का कार्य करते हैं। आवश्यकता होने पर मेरे पति ने फारेस्ट कॉलोनी सीहोर निवासी अनिरूद्ध चौहान, ललित पारासर, वर्षा राठौर मीना राठौर से लगभग 10 लाख रुपए 2 से ३ रुपए प्रतिशत ब्याज पर लिये थे।

**आज से सात दिवसीय श्रीराम कथा व मानस सम्मेलन का आयोजन**

# 21 कुंडीय श्रीराम महायज्ञ व प्राण-प्रतिष्ठा 24 को, 25 अप्रैल को होगा नगर भंडारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर के बस स्टैंड स्थित श्री हनुमान मंदिर समिति के तत्वावधान में रविवार से भव्य श्री 21 कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ महायज्ञ और प्राण-प्रतिष्ठ महोत्सव एवं श्रीराम कथा का शुभारंभ रविवार से आरंभ हो जाएगा।

शहर के बस स्टैंड के पास जयंती कालोनी में भव्य यज्ञशाला का निर्माण किया गया है। वहीं पर प्रतिदिन श्रीराम कथा दोपहर बारह बजे और रात्रि में राम लीला का मंचन किया जाएगा। इसके लिए श्री-श्री 108 यज्ञ संचालक पंडित दुर्गाप्रसाद के मार्गदर्शन में समिति के अध्यक्ष रुद्रप्रकाश राठौर, पंडित अनिल शास्त्री द्वारा यज्ञशाला की तैयारियां पूर्ण की गई है। अब रविवार को भव्य कलश यात्रा, पंचाग पूजन, मंडप प्रवेश, जलाधिवास, राम रक्षा स्त्रोत एवं हनुमान चालीसा पाठ तथा मानस सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

**सभी यज्ञों में श्रीराम महायज्ञ सर्वश्रेष्ठ माना**-श्रीश्री 108 पंडित दुर्गाप्रसाद कटारे बाबा ने बताया कि महायज्ञ में 84 जोड़ों के बैठने की व्यवस्था की गई है। अब तक दो दर्जन से अधिक जोड़ों की सूची मिली है जो भी इस यज्ञ में बैठने का इच्छुक है, मंदिर समिति से संपर्क कर सकता है। 21 कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ में आहुतियां दी जाएगी। रामायण में भी यज्ञ की महत्ता पर प्रकाश डाला गया है। भगवान राम का जन्म यज्ञ द्वारा हुआ। मां जानकी का विवाह एक विशाल यज्ञ द्वारा संपन्न हुआ। यज्ञ में देवी शक्ति बलवान होती है और असुरता का नाश होता है। रावण को जब अपनी हार दिखती है तो वह यज्ञ का ही सहारा लेता है और अपने पुत्र मेघनाद को तांत्रिक यज्ञ कर अजेय शक्ति प्राप्त करने का आदेश देता है। मगर देवी इच्छा के कारण उसका यज्ञ पूर्ण नहीं हो पाता।

भागवत में भी यज्ञ की महिमा बताई गई है। सभी यज्ञों में श्रीराम महायज्ञ सर्वश्रेष्ठ माना गया है। इसके करने से धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष चारों पुरुषार्थो की प्राप्ति होती है। साथ ही मानसिक संतुष्टि व शारीरिक पुष्टि मिलती है। यह पुत्र-पौत्र आदि का सुख देने वाला और शौर्य प्रदान करने वाला यज्ञ है। इस यज्ञ के करने से खोया हुआ राज्य वापस मिल जाता है और निर्धन को धन मिलता है। यह शत्रुओं का विनाश करने वाला व परम शाति देने वाला यज्ञ है।